# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांक कु.का / निस / मदसविवि / 2025 / दिनांक 04.09.2025

## कार्यालय आदेश

स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग,क्षेत्रीय कार्यालय, अजमेर के प्रभारी अधिकारी जांच दल सं.16 द्वारा विभिन्न शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक विभागों से आक्षेपों की पूर्ति हेतु पत्रावली एवं दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु लगातार पत्र भिजवाये जा रहे हैं।

यह खेद का विषय है कि स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग के जांच दल द्वारा जारी किए गए पत्रों पर कार्यवाही की गति अत्यधिक धीमी एवं विचारणीय है अनुभाग द्वारा पत्रावली व दस्तावेज उपलब्ध नहीं करने की अक्षमता के संबंध में अधोहस्ताक्षरकर्ता को विलम्ब की सूचना भी नहीं दी है।

अतः उक्त संदर्भ में पुनः निर्देशित किया जाता है कि जिन–जिन अनुभागों / विभागों द्वारा बकाया आक्षेपों की सूचना नहीं दी है वे आगामी 02 दिवस में सूचना अंकेक्षण टीम को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करावें अन्यथा इसे कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता समझा जावेगा और विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

कुलसचिव

क्रमांक कु.का / निस / मदसविवि / 2025 / 26241-85 दिनांक 04.09.2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. समस्त विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक विभाग, मदसविवि, अजमेर।
2. वित्त नियंत्रक, मदसविवि, अजमेर।
3. परीक्षा नियंत्रक, मदसविवि, अजमेर।
4. सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष / मैनेजर गेस्ट हाउस, मदसविवि, अजमेर।
5. समस्त उपकुलसचिव / सहायक कुलसचिव, मदसविवि, अजमेर।
6. एसीपी, मदसविवि, अजमेर।
7. कुलगुरू सचिवालय, मदसविवि, अजमेर।
8. निजी सहायक–कुलसचिव, मदसविवि, अजमेर।

कुलसचिव